समय प्रमाण

योगयुक्त, युक्तियुक्त सेवा की विधि अपनाओ

बापदादा को वर्तमान समय का वातावरण सुनाया। बापदादा बोले, बच्ची हर एक बच्चा वर्तमान वायुमण्डल को तो जानता ही है कि अब समय, प्रकृति अति में जानी ही है, वह जा रही है इसलिए हर बच्चे को सेवा में बाहर आना-जाना और अपने स्थान पर रहने लिए अब बहुत योगयुक्त, युक्तियुक्त सेवा की विधि अपनाना आवश्यक है। मधुबन में आने-जाने या कहाँ भी आने-जाने की मना नहीं है लेकिन जिस समय निकलते हैं उस समय वायुमण्डल को देख बाप की टचिंग द्वारा कदम उठायें। बाकी सेवाकेन्द्र और सेवा को बहुत शक्तिशाली और सेफ्टी से चलाना है। डरना नहीं है

सिर्फ निरन्तर सहज योगी शक्तिशाली स्वरूप में स्थित रह कदम उठाना है।